तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025
[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

4 एनटीपीसी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**बिलाईगढ़।** बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल बिलाईगढ़ के तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर देवांगन भवन, समलाई माता मंदिर के पास सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में क्षेत्र के युवाओंए समाजसेवियों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की गई है। आयोजकों का कहना है कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवसेवा का कार्य है और इसके माध्यम से अनेक जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। इस कार्यक्रम में संकट मोचन ब्लड सेंटर, केटार रोड, जांजगीर.चांपा छग का विशेष सहयोग रहेगा। थैलेसीमिया एवं सिकल सेल मरीजों के लिए इस केंद्र द्वारा निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। रक्तदाताओं को यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट या कंधे का बैग उपहार स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

### दुर्गा पूजा में राकेश की गायिकी से हुए मंत्रमुग्ध हुए लोग

**पुसौर।** पुसौर के नगर पंचायत कार्यालय परिसर में स्थापित सार्वजनिक पूजन महोत्सव में इस वर्ष क्षेत्रीय विधायक एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश मंत्रालय के सांस्कृतिक विभाग द्वारा एक विख्यात गायक राकेश शर्मा को प्रस्तुति देने के लिये नियुक्त करवाया था, जिसके फलस्वरूप राकेश शर्मा का भजन प्रस्तुति हुआ। वहीं लगातार डांडिया का भी प्रदर्शन होता रहा और अंतिम दिनांक को रावण दहन के बीच रामलीला के कुछ अंशों के जरिये राम रावण संवाद का प्रदर्शन किया गया। इसमें रावण का रोल नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, राम का रोल प्रणव साव, लक्ष्मण सुबोध साव, तथा हनुमान का रोल पवन निशाद-प्रियाशु महाणा, राक्षसों में उमाकांत साव, प्रदीप प्रधान, राकेश यादव, विभींशण दुखभंजन दास सहित अन्य कलाकार ने एक संवाद आयोजित किया। जिसके डायलाग और कथोप कथन काफी आकर्शक रहे, जो अब भी लोग बार-बार अपने आप में दुहरा रहे हैं।

### तालाब में डूबने से 5 लोगों की हुई मौत

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ ज़िला हिमगीर थाना क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत के झुपुरुंगा चिटकेनढिपा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। छोटे भाई को तालाब में नहाते समय डूबते देख बड़े भाई ने बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों ही पानी में डूब गए। मृत भाइयों की पहचान झुपुरुंगा चिटकेनढिपा गांव के चित्त माकर 40 और देबाशीष माकर 20 के रूप में हुई है। इसी तरह कोरापुट ज़िले के बैपरिगुड़ा ब्लॉक के बोदापुट पंचायत के पांड्रिगुड़ा गांव के अशोक डिशारी 12 वर्ष, मलकानगिरी ज़िले के कालिमेला थाना क्षेत्र के एमवी 74 गांव के बाबुल डांगी के डेढ़ वर्षीय, पुत्र आयुष और नवरंगपुर ज़िले के झरीगांव ब्लॉक के कानाकोट पंचायत के डूमरपदर गांव के मंगनाथ गोंड 38 वर्ष की भी डूबने से मौत हो गई।

जगह-जगह दरारें और गड्ढे बन रहे हादसों की वजह, ठेकेदार पर एक्शन के बजाय मूकदर्शक बने जिम्मेदार

# एनएच-49 के निर्माण में फूंक दिए 356 करोड़ तीन साल में ही घटिया निर्माण की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नेशनल हाइवे-49 के निर्माण में पीडब्ल्यूडी एनएच ने केन्द्र शासन के 356 करोड़ रुपए फूंक दिए, लेकिन इसका परिणाम सकारात्मक नहीं रहा। तीन साल में ही इस सड़क के घटिया निर्माण की पोल खुल गई है। एनएच में जगह-जगह दरारें और गड्ढों से वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं और यही हादसों की वजह बन रहे हैं। स्तरहीन निर्माण करने वाले ठेका कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने, जुर्माना लगाने के बजाय एनएच के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

दरअसल बिलासपुर से खड़गपुर बंगाल तक बेहतर संपर्क और तेज यातायात के लिए एनएच 49 का निर्माण कराया गया है, जिसका कुछ हिस्सा रायगढ़ में भी आता है। जिले में खरसिया के पलगढ़ा से ओडिशा बॉर्डर बड़माल तक 356 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया गया है। इसका निर्माण वर्ष 2016 में शुरू हुआ था जोकि 21 मई 2022 में खत्म हुआ है। इसकी कुल लंबाई 60.52 किमी है और सड़क निर्माण हैदराबाद की ठेका कंपनी मेसर्स रामकी ने किया है। खास बात यह है कि एनएच 49 की यह सड़क तीन साल में ही जर्जर हो गई है। रायगढ़ में आने वाली एनएच 49 की दुर्गति होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। खरसिया से बड़माल तक एनएच में अनिगनत गड्ढे हो गए हैं और बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। इन दरारों में दुपहिया-चारपहिया वाहनों के पहिए फंस रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही है। एनएच 49 में इन तीन सालों में सड़क हादसों में दो दजर्न से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। हादसों की वजह तेज रफ्तार वाहनों का इन दरारों और गड्ढों की चपेट में आकर अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। इसके बाद भी इसकी मरम्मत हो लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।



एनएच 49 में जगह-जगह दरारें आ गई हैं और गड्ढे भी हो गए हैं। इसकी जानकारी हमें है, लेकिन अक्टूबर तक बारिश का सीजन होने से काम रूका हुआ है। 15 अक्टूबर के बाद सड़क की मरम्मत के लिए टेंडर निकाला जाएगा, उसके बाद काम शुरू होगा।
रितेश कश्यप,
इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी, एनएच

### जान जोखिम में डाल कर चलते हैं राहगीर

एनएच 49 में गुजरने वाले राहगीर जान जोखित में डाल कर चलते हैं। क्योंकि इस मार्ग में भारी वाहनों का रेलमपेल रहता है, उपर से सड़कों पर दरारें और गड्ढों से संतुलन बिगड़ने का डर भी बना रहता है। वाहन चालकों की थोड़ी सी चूक से भारी वाहनों के तले उनकी जान भी जा सकती है, ऐसा कई बार हुआ भी है। जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी को देख ऐसा लगता है कि उन्हें लोगों के जान की फिक्र ही नहीं है।

### रखरखाव के अभाव में सड़क की उम्र हो रही कम

नेशनल हाईवे की सड़कें आमतौर पर कितने साल तक चलती हैं, यह सड़क निर्माण के तरीके, इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और ट्रैफिक के प्रकार पर निर्भर करता है। उचित रख-रखाव होने से एनएच के सड़कें 30 साल या उससे अधिक समय तक चल सकती हैं। उचित निर्माण और समय पर मरम्मत से सड़कों का जीवनकाल बढ़ जाता है, लेकिन यहां न तो मरम्मत हो रहा है और न ही रखरखाव किया जा रहा है। स्तरहीन निर्माण करने वाले ठेकेदार को भी विभागीय अधिकारियों का संरक्षण मिल रहा है, तभी उस पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

### डिवाइडर की रेलिंग को पार कर रहे हैं कबाड़ चोर

समस्या सिर्फ गड्ढों तक ही सीमित नहीं है। सड़क के बीच डिवाइडर में व किनारे लगी रेलिंग को भी कबाड़ चोर तेजी से चोरी कर रहे हैं। इस पर भी किसी का ध्यान नहीं है। एनएच के अधिकारी कहते हैं कि 4 साल तक रेलिंग की निगरानी का जिम्मा ठेका कंपनी का है, लेकिन पूरा रेलिंग गायब होने के कगार पर है और अब तक ठेका कंपनी या एनएच द्वारा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया और सरकारी संपत्ति की चोरी कर कबाड़ चोर मौज मना रहे हैं।

### दो दर्जन गायों से भरा कंटेनर पुलिस ने पकड़ा

**बीरमित्रपुर।** शनिवार की रात पुलिस गश्ती के दौरान खटकुल बहाल से रांची जा रहे दो दर्जन गौवंश से भरे एक कंटेनर वाहन को रोककर बीरमित्रपुर पुलिस ने जांच की। तलाशी में पाया गया कि कंटेनर में करीब दो दर्जन गायें थीं। पुलिस ने गायों को तुरंत अपने कब्जे में ले लिया। गौ रक्षकों की मदद से पुलिस टीम गायों को रखने के लिए पहले वेदव्यास गौशाला गई, लेकिन वहां स्थान नहीं मिलने पर आरएमसी नियंत्रित सेक्टर 14 गौशाला और कांजी हॉउस का रुख किया गया। दोनों स्थानों पर गायों को रखने से इंकार कर दिया गया, जिससे गौ रक्षकों और बजरंग दल में भारी नाराजगी देखने को मिली। अंततः पुलिस ने सभी गायों को बीरमित्रपुर थाना वापस लाया और आवश्यक शर्तों के तहत उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए गौ प्रेमियों को क्षमता अनुसार वितरण करने का निर्णय लिया। यह कार्रवाई गौवंश की सुरक्षा और अवैध परिवहन रोकने के उद्देश्य से की गई। पुलिस ने गौ तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर गाडी को जब्त करने के साथ इसके चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# आपसी विवाद में पत्नी ने दांत से काट दिया पति का प्राइवेट पार्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आपसी विवाद में पत्नी ने दांतों से पति का प्राइवेट पार्ट काट डाला। जिससे उसके प्राइवेट पार्ट पर 8 टांके लगे हैं। दरअसल पत्नी के हमले से घायल 33 वर्षीय शख्स बनेकेला का रहने वाला है और वह पेशे से राजमिस्त्री है। वह अपनी पत्नी और 3 बच्चों के साथ रहता है। दोपहर करीब 1 बजे भाभी और ननंद के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई हो रही थी। ननंद और भाभी के बीच विवाद इतना बढ़ा कि दोनों की आपस में मारपीट हो गई। इसे देखकर पति ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन गुस्साई पत्नी अपने पति से झगड़ने लगी। इस दौरान पत्नी ही गाली-गलौज करते हुए पति से मारपीट करने लगी। पति पहले से शराब की नशे में धुत था। इससे पत्नी और भड़क गई वहीं गुस्से में पति के प्राइवेट पार्ट पर हमला करते हुए दांतों से काट ली। दर्द से कराहते हुए पति घर से बाहर निकला। इस दौरान मौके पर मौजूद परिजन आनन-फानन में युवक को लैलूंगा अस्पताल लेकर गए। प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोट की वजह से 8 टांके लगे हैं।




### पुलिस हिरासत में पत्नी, पूछताछ जारी

पत्नी की मारपीट और प्राइवेट पार्ट पर हमले से घायल पति ने लैलूंगा थाने में रविवार को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसे हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

### क्षेत्र में निर्विघ्न रूप से मां भगवती की उपासना संपन्न

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के 120 ग्रामों में से लगभग हर तीसरे ग्राम में मां भगवती की मुर्ति स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बोरोडिपा में मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से उल्लासमय वातावरण में इसे संपन्न किया गया है। पुसौर के कटलिया कुशण महाणा के यहां पुसौर में दुर्गा स्थापना से पहले ही मां भगवती की पूजा-अर्चना, चंडी पाठ आदि होता था जिसे इन दिनों उनके पुत्र पूर्व पार्षद मुकेश महाणा द्वारा इसे मुर्तरूप दिया जा रहा है। पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर भी प्रत्येक नवरात्रि में उपवास रहते हैं। उनका मानना है कि नवरात्रि पारायण के बीच हमारे शरीर में काफी कुछ परिवर्तन होता है इसमें खानपान तो रहता ही है वहीं मनःस्थिति में एक आमुलचुल परिवर्तन होता है जो मानव को मानव से जोडने में सहायता प्रदान करता है।

# जूटमिल पुलिस ने शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों कोटवारों व मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना में रविवार को ग्राम कोटवारों की बैठक एवं स्थानीय नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नवरात्र और दशहरा पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में कोटवारों के योगदान की सराहना करते हुए थाना प्रभारी ने उनके उत्साहवर्धन के लिए उन्हें सम्मानित किया और गांवों की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित कोटवारों से कहा कि वे गांव में होने वाली किसी भी अनैतिक या आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को दें तथा अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएं। कार्यक्रम के दूसरे चरण में थाना क्षेत्र के मेघावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिस सहयोगियों, ग्राम कोटवारों और झांखरों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य संयोजक श्रीमती किरण पटेल आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र कोड़ातराई, स्टाफ नर्स श्रीमती गंगा चौधरी आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र कोड़ातराई, व्याख्याता जयशंकर पटेल शाउमावि तरकेला, सहायक शिक्षक नानदाऊ सिदार शाप्राशा सांगीतराई, छात्रा पायल निषाद कक्षा 10 वीं, शाउमावि तरकेला, विनिता निषाद कक्षा 10 वीं, शाउमावि तरकेला, पुलिस सहयोगी बोधराम साहू सरायभद्दर, पुलिस सहयोगी गिरधर साव ग्राम कोड़ातराई, ग्राम कोटवार शौकीलाल भुईंहर ग्राम गुड़गहन, ग्राम झांखर अर्जुन लाल सिदार कोड़ातराई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से पुलिस और समाज के बीच सहयोग एवं संवाद की



# गावों में बिक रही अवैध महुआ शराब, नशे में धुत शराबी अपनों के ही बन रहे दुश्मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के छिछोर उमरिया गांव के ग्रामीणों ने गांव में बिक रही अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है।

दरअसल पुसौर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिछोर उमरिया गांव के ग्रामीणों ने पुसौर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बताया है कि गांव में एक लंबे अर्से से अवैध शराब की बिक्री के अलावा कच्ची शराब बनाकर लोगों को बेचा जा रहा है। गांव में बार-बार मुनादी कराने के बावजूद इस कारोबार पर लगाम नही लग पा रहा है। अवैध शराब के कारोबार के चलते गांव का माहौल खराब हो रहा है। नशे में शराबी अपनों के ही जान के दुश्मन बन रहे हैं और आए दिन मारपीट की घटनाएं आम हो गई हैं। इतना ही नहीं कच्ची शराब के सेवन के चलते कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार के चलते अपराधिक घटनाओं के अलावा छोटे बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। गांव के लगातार बिगड़ते माहौल को देखते हुए छिछोर उमरिया गांव के लोगों ने पुसौर थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि तत्काल इस पर अंकुश लगाया जाए।



### सरपंच ने जुर्माने का किया ऐलान

छिछोर उमारिया गांव में लगातार अवैध शराब के कारोबार को देखते हुए गांव की सरपंच श्रीमती रामेश्वरी साव ने बेहतरीन पहल की शुरूआत की है। जिसके तहत गांव में मुनादी कराते हुए कहा गया है कि गांव में कोई भी शराब बेचता पाया जाता है तो उसे 21 हजार का जुर्माना देना होगा।

# शराब बनाने वालों पर गिरी गाज 5 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने रविवार की सुबह गोपालपुर और कोरियादादर इलाके में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में कुछ लोग लुक-छिपकर महुआ शराब बना रहे हैं और बिक्री कर रहे हैं। इस पर चक्रधरनगर पुलिस टीम ने अलग-अलग पांच स्थानों से तीन महिला और दो पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी कन्हैया यादव 43 वर्ष से 10 लीटर, संतोष रात्रे 42 वर्ष से 10 लीटर, सुकमत जाटवर 60 वर्ष से 14 लीटर, नोनीबाई उरांव 55 वर्ष से 14 लीटर, व गणेशी उरांव 40 वर्ष से 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।




कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक** (NSDC)
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**
........................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ........................
2. पिता/पति का नाम ........................
3. जन्मतिथि अंकों में ........................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ........................
मोबाइल नंबर ........................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता ........................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में शुरू हुई मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना

**राजपुर।** प्रदेश के साथ ही विकासखंड में भी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का उदघाटन किया गया। इस योजना के तहत जिले में भी 2 रूट में योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण बस संचालित होगी। जिससे ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने और उनके विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगी। विकासखंड में राजपुर-परसगुड़ी-चिलमाकला-नर्सिंगपुर जबकि रामानुजगंज क्षेत्र में रामानुजगंज-बहरचुरा, चरगड-चेरवादेही-भितर चुरा के बीच बस का संचालन किया जाएगा। पहले दिन भाजपा नेता व नरसिंहपुर उप सरपंच सतीश सिंह व स्थानीय लोगों ने गाड़ी को हरी झंडी दिखाई गई।इन रूटों में बस के संचालन से ग्रामीण अंचल के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचने में समय की बचत होगी। ग्रामीण अंचल में सड़क परिवहन की सुविधा की कमी लंबे समय से ग्रामीणों की समस्या रही है। लेकिन शासन के जन हित योजना अन्तर्गत समस्याओं का समाधान किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाना है।

### मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**रामानुजगंज।** पिछले तीन दिनों से रूक-रूक कर हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। लगातार हो रही तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं वहीं कन्हर नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ गया है जिससे निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। लगातार बारिश से नगर के वार्ड क्रमांक 11 में खाली पड़ा एक मिट्टी का मकान अचानक ढह गया। हादसे के समय घर के पास ही एक व्यक्ति सोया था। मकान गिरने की आवाज सुनते ही वह भाग निकला। मोहल्लेवासियों ने बताया कि घटना देर रात करीब 2:30 बजे की है। घर गिरने की तेज आवाज से मोहल्ले में दहशत फैल गई थी। मूसलधार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। संपर्क मार्गों पर पानी भरने से आवाजाही में दिक्कतें हो रही है। कई कच्चे मकानों में पानी घुसने की खबरे भी सामने आई हैं। प्रशासन ने निचले इलाकों में निवासरत ग्रामीणों से सतर्कता बरतने और आवश्यकता होने पर ऊंचे व सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का अह्वान किया है। इसी तरह बारिश का दौर जारी रहा तो कन्हर नदी का जलस्तर और अधिक बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने की संभावना जताई जा रही है। प्रशासन की निगरानी टीमें लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं और राहत-बचाव कार्यों की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### सड़क किनारे जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** ग्राम भदार सड़क किनारे हार जीत का दांव लगा रहे 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे राजपुर पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम भदार सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर हार जीत का दांव लगा रहे गांव के ही बृजेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, मुकतार अली, राहुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, अर्जुन सिंह, धनेशवर मरकाम व राजेश गुप्ता को गिरफ्तार कर फड़ से 52 पत्ती सहित 4 हजार 480 रुपए जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के दबिश देने के पूर्व ही कई जुआरी भाग निकले।

### जमीन बंटवारा को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई पर किया जानलेवा हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** नवाखाई त्यौहार मनाने के दौरान छोटे भाई ने पिता के साथ मिलकर बड़े भाई पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी मुन्ना राम आ. खीरू राम (60 वर्ष) 2 अक्टूबर को गांव में नवाखाई त्यौहार मना रहे थे। त्यौहार के दिन मुन्ना राम अपने घर के आंगन में बैठा था जबकि पत्नी रामपति गांव के ही राजेन्द्र, बैना व नान्दू को भोजन खिला रही थी।

## कवि सम्मेलन में कविताओं ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया

# गरबा महोत्सव में युवक-युवतियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बालाजी जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव का समापन बड़ा ही शानदार रहा। इस वर्ष गरबा करने वाले प्रतिभागी बहुत सी उत्साही नजर आए और जशपुर में समिति द्वारा आयोजित गरबा का आनंद लेते रहे एवं माता की भक्ति में लीन रहे 9 दिनों तक चले इस आयोजन में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया बालाजी जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव का यह वर्ष लगातार 21वां वर्ष था जिसमें 800 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था और प्रतिदिन सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया इस आयोजन में जशपुर की जानी-मानी म्यूजिकल ग्रुप बालाजी म्यूजिकल कि ग्रुप एवं खगेश कुमार सारथी के ग्रुप के द्वारा शानदार संगीत के माध्यम से गरबा कराया गया।




### कार्यक्रम का सफल संचालन

नवरात्रि गरबा महोत्सव 2025 में लगातार 9 दिनों तक एवं विराट कवि सम्मेलन म्यूजिकल नाइट के समस्त कार्यक्रमों का मंच पर सफल संचालन बालाजी जनगणना समिति के कार्य करता है एवं जयपुर की जाने माने एंकर संतोष स्वर्णकार प्रतीक श्रीवास्तव एवं मनोज गौतम जी के द्वारा किया गया।

### पहली बार जशपुर में विश्व स्तरीय कवियों का आगमन हुआ

दशहरे के शुभ अवसर पर पहली बार जशपुर में दशहरे के दूसरे दिन भारत देश के विश्व स्तरीय चार कवियों का आगमन हुआ जिनको सह सम्मान बालाजी जनकल्याण समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत करते हुए नगर में उत्साह के साथ प्रवेश कराया श्री दिनेश बावरा मुंबई से श्री एहसान कुरैशी मुंबई से श्री रोहित शर्मा मुंबई से तथा पद्मिनी शर्मा दिल्ली से जशपुर में अपनी कविता पढ़ने के लिए लोगों को हंसाने के लिए उपस्थित हुए तथा बहुत बेसब्री से जशपुर वासियों को इनका इंतजार था इस स्तर के कवियों का पहली बार बालाजीजनकल्याण समिति के मंच पर आगमन हुआ था उनके शानदार स्वागत को देखते हुए सभी कवियों ने समिति का एवं जशपुर वासियों का सादर अभिवादन किया और बताया कि जैसा स्वागत जशपुर में हम सबका हुआ है भारत के किसी भी कोने में हमारा स्वागत ऐसा नहीं हुआ जशपुर सच में लाजवाब है और यहां के लोग बहुत ही शानदार हैं।

## चोरी की बुलेट के साथ पकड़ा गया आरोपी, पुलिस ने भेजा जेल

**जशपुरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पत्थलगांव पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की गई रॉयल इनफील्ड बुलेट मोटर सायकल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, पत्थलगांव निवासी विनोद रोहिला ने दिनांक 21 जुलाई 2025 को थाना पत्थलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी रॉयल इनफील्ड बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एवाई 1810 बस स्टैंड स्थित उनकी दुकान शू वर्ल्ड के सामने से चोरी हो गई है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई की रात करीब 8.30 बजे उन्होंने अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर



■ पत्थलगांव पुलिस की मुस्तैदी से चोर गिरफ्तार

खड़ा किया और घर चले गए थे। रात में सब कुछ सामान्य था, लेकिन अगले दिन सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। मामले में पत्थलगांव पुलिस सक्रियता से जांच कर रही थी।

## झगरपुर तितली पहरी लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के चर्चित झगरपुर-तितली पहरी रोड लूटकांड का जशपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त लाल रंग की स्विफ्ट कार भी जब्त कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान कैलाश यादव उर्फ कृष्णा यादव (25 वर्ष), निवासी झगरपुर, पहलू राम (32 वर्ष), निवासी रायकेरा के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध थाना बगीचा में बीएनएस की धारा 126(2), 140(2), 309, 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**ऐसे हुआ था लूटः** प्रार्थी प्रदीप नागेश (19 वर्ष) निवासी ग्राम कोट, जिला सरगुजा ने 3 अक्टूबर को थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 2 अक्टूबर की रात अपने फूफा के घर ग्राम अंबाडांड आया था। रात करीब साढ़े 9 बजे वह अपने दो साथियों के साथ गांव लौटने निकला था। वह हीरो ड्रीम युवा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 यूई 0132 चला रहा था और उसके साथी दूसरी बाइक पर पीछे आ रहे थे। झगरपुर-तितली पहरी जंगल रोड के पास अचानक एक लाल स्विफ्ट डिजायर क्रमांक सीजी 14 एमआर 8526 ने उसकी बाइक रोक ली। कार से दो व्यक्ति डंडा लेकर उतरे और प्रदीप से मारपीट की। एक आरोपी ने उसकी जेब से मोबाइल निकाल लिया और बाइक लूटकर भाग गया, जबकि दूसरा आरोपी प्रदीप को कार में जबरन बैठाकर 2-3 घंटे तक इधर-उधर घुमाता रहा और बाद में बगीचा तिराहा में उतार कर फरार हो गया।



### रंग और हुलिए ने सुलझाया मामला

शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। प्रार्थी द्वारा बताए गए लाल रंग की कार और आरोपियों के हुलिए के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और टेक्निकल टीम की भी मदद ली गई। इसी दौरान सूचना मिली कि झगरपुर निवासी कैलाश यादव उर्फ कृष्णा यादव की लाल स्विफ्ट कार संदिग्ध है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे ग्राम बगडोल के पास कार सहित पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर साथी आरोपी पहलू राम को रायकेरा से गिरफ्तार किया गया।

### आरोपियों ने किया अपराध स्वीकार,गए जेल

पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई हीरो ड्रीम युवा मोटरसाइकिल ,मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त लाल स्विफ्ट डिजायर कार बरामद कर जब्त की है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की कार्रवाई एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र मिंज व अनिल कुमार कामड़े तथा आरक्षक मुकेश पांडे की अहम भूमिका रही।

## सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दशहरा मैदान कुनकुरी में सनातन धर्म समिति के द्वारा बनाए गए रावण पुतले को मुख्य अतिथि एवं राम लक्ष्मण के पहुंचने के पूर्व प्रथा का उल्लंघन करते हुए रावण समिति के अनुमति के बिना जलाने एवं विवाद उत्पन्न करने व सामाजिक सोहार्द बिगड़ने, लड़ाई झगड़ा गाली गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के अपराध कार्य करने एवं जन सुरक्षा को ताक पर रखने की धाराओं के अंतर्गत थाना कुनकुरी में रावण समिति के सदस्यों की शिकायत पर व्यावसायी पंकज अग्रवाल पिता मुरारी लाल अग्रवाल के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया गया है। पंकज अग्रवाल एवं उसके बड़े भाई नीरज अग्रवाल के ऊपर धारा 296 315 (2) 351 (2) 300,3(5) के अंतर्गत विभिन्न आपराधिक धाराओं में अपराध पंजीकृत कर दिया गया है। जैसे ही पंकज अग्रवाल एवं नीरज अग्रवाल को पता चला कि उसके ऊपर विभिन्न धाराओं में थाना कुनकुरी में एफआईआर दर्ज हो गई है तब से पंकज अग्रवाल एवं उसका भाई नीरज अग्रवाल दोनों फरार चल रहे हैं।

थाना प्रभारी राकेश यादव ने बताया 2 अक्टूबर 2025 दशहरा के दिन खेल मैदान कुनकुरी में रावण दहन के कार्यक्रम में अव्यवस्था फैलाने एवं रावण को मुख्य अतिथि के निर्धारित समय से पहुंचने के पहले दबंगई




दिखाते हुए समिति की अनुमति के बिना जला देने एवं मारपीट की घटना कि लिखित शिकायत समिति से प्राप्त हुई है।

उस पर जांच करते हुए भारतीय न्याय संहिता कि विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीकृत कर लिया गया है और आरोपीयों की पता तलाशी एवं गिरफ्तारी की प्रक्रिया जा रही है1 सनातन धर्म दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक हेडा ने बताया कि रावण दहन में समिति के आयोजन को असफल करने एवं जन सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पंकज अग्रवाल को मौके पर भी समझाया गया, परंतु उसके द्वारा मुझे भी गली गलोच एवं मारपीट धक्का मुखी की गई1 तब भी समिति ने कोई कार्रवाई नहीं चाहिए थी1 लेकिन पंकज अग्रवाल द्वारा सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर खुद के द्वारा की गई गुंडागर्दी की रील बनाकर एक डायलॉग अपलोड किया गया है कि मुझे ना पैसे की परवाह है और ना पावर का खौफ इस बात से कुनकुरी नगर के युवा एवं समिति के सदस्यों में आक्रोश उत्पन्न हो गया,और सनातन धर्म दुर्गा पूजा समिति के रावण दशहरा समिति के सभी सदस्यों ने थाने कुनकुरी में जाकर पंकज अग्रवाल के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है1 हमारा उद्देश्य भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो उसको रोकना है, एवं सनातन एवं धार्मिक कार्यों में बधा करित करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह संदेश पहुंचाना है कि भूल की माफी है,पर अपराध के लिए तो दंड ही मिलना चाहिए 1

## मछली पालन आय का उत्तम साधन



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मछली पालन अर्थात जलीय कृषि करने वाले किसानों को बढ़ावा देने के लिए राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने हेतु खेती किसानी के साथ-साथ अन्य रोजगार से जोड़ा जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा शासकीय तालाब को पट्टे पर देकर मछली पालन कार्य हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीच के साथ ही विभागीय योजना अंतर्गत निःशुल्क जाल और आईस बॉक्स भी दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मनोरा विकासखण्ड में श्री गणेश महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मनोरा के बथानडीपा शासकीय तालाब को पट्टे पर लेकर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। समूह की अध्यक्ष गुड़यि साहू ने बताया कि गणेश महिला स्व सहायता समूह की 11 महिलाओं द्वारा मनोरा में शासकीय तालाब को पट्टे पर लेकर मछली पान का कार्य किया जा रहा है। तालाब 0.801 हेक्टर में निर्माण किया गया है। उक्त तालाब में मच्छली पालन के लिए विभागीय योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज उपलब्ध कराया गया है।

## बीच जंगल में मवेशियों को चराने पहुंचे चरवाहे की दंतैल ने पटक कर ली जान

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत मेढ़ना जंगल में मवेशियों को चराने गए ग्रामीण की दंतैल ने पटक कर जान ले ली। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने बीच जंगल से मृतक का शव बरामद किया। शनिवार को देर शाम अस्पताल पहुंचने के कारण मृतक का शव मरच्यूरी में रखवाया गया है। रविवार को मृतक का पीएम काराया जाएगा।

ग्राम मुरकौल निवासी सोहन गोड़ आ.सुखन गोड़ (60वर्ष) अपने भांजे ग्राम मदनपुर निवासी भीम सिंह आ.सीताराम गोड़ के घर रहता था तथा आसपास के ग्रामीणों के मवेशियों को चराने का काम करता था। शनिवार को वह मवेशियों को चराने ग्राम चटनिया से 2 किमी दूर दूरस्थ मेढ़ना जंगल में गया था। सुबह 11 बजे मवेशी मवेशी चरते-चरते जंगल के भीतर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि एक दंतैल सीमावर्ती रघुनाथ नगर क्षेत्र से बीती रात मेढ़ना जंगल में पहुंचा था। पास में ही तमोर पिंगला अभ्यारण्य की सीमा होने के कारण दंतैल के अभ्यारण्य क्षेत्र में जाने की संभावना जताई जा रही है। दंतैल के जंगल में मौजूद होने की सूचना न तो ग्रामीणों को थी न ही वन अमले को। सोहन घने जंगल में मवेशियों को चरा रहा था इसी दौरान दंतैल से सामना हो गया। सोहन ने दंतैल से अपनी जान बचाकर भागने की कोशिश भी कि लेकिन भागने के दौरान दंतैल दौड़ाकर उसे अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। कुछ देर बार लकड़ी लेने के लिए जंगल



जंगल में मृतक का शव।

पहुंचे ग्रामीणों ने चरवाहे का शव देखा तो वनकर्मियों को घटना की सूचना दी। सूचना पर वन व पुलिस विभाग की टीम पैदल लम्बी दूरी तयकर घटनास्थल पर पहुंची तथा शव को बरामद किया। जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वन अमला देर शाम शव लेकर सिविल अस्पताल पहुंचा जहां विलंब होने के कारण शव को मरच्यूरी में रखवाया गया। रविवार को मृतक का पीएम कराने के बाद अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा।

## संजय बेक फेडरेशन के पुनः विकासखंड अध्यक्ष चुने गए

**जशपुरनगर।** संख्या की दृष्टि से प्रदेश के सबसे बड़े कर्मचारी संगठन सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के जशपुर विकासखंड के विकासखंड अध्यक्ष चुनाव रविवार को संपन्न हुआ, जिसमें फेडरेशन के विधि मान्य सदस्यों द्वारा सर्वमान्य रूप से संजय बेक को आगामी 3 वर्ष के कार्यकाल हेतु पुनः अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए गए।

ज्ञातव्य है कि फेडरेशन उन गिने-चुने कर्मचारी संगठनों में से एक है जिनमें पदाधिकारियों का निश्चित कार्यकाल होता है, और कार्यकाल पूर्ण होने पर पुनः चुनाव द्वारा पदाधिकारी चयनित होते हैं। फेडरेशन में आम शिक्षक सदस्य भी चुनाव लड़ सकते हैं। यही बात फेडरेशन को अन्य शिक्षक संगठनों से अलग बनाती है। इस उपलक्ष्य पर फेडरेशन विकासखंड जशपुर के फाउंडर मेंबर में से एलन साहू एवं रवि गुप्ता द्वारा नव नियुक्त अध्यक्ष संजय बेक को पुष्प गुच्छ एवं हार पहनाकर स्वागत किया गया। शिक्षक अवनीश पांडे ने कहा कि समाज में शिक्षकों का स्थान बहुत ऊंचा होता है और उन सबके हित के लिए नेतृत्व करना गौरव की बात होती है एवं इस हेतु उन्होंने नवनियुक्त विकासखंड अध्यक्ष संजय बेक को शुभकामनाएं दी। महिला ब्लाक अध्यक्षा मनीषा टोप्पो,कोषाध्यक्ष सुनैना तिर्की ने संगठन को मजबूती के लिए मिल कर कार्य करने का आह्वान किया।

संजय बेक ने भी इस नयी पारी में आश्वासन दिया कि आने वाली दिनों में संघ संकुल स्तर पर संकुल अध्यक्ष निर्वाचित कर शिक्षकों की बैठक की जाएगी और संकुल स्तर से उनकी समस्याओं को लिया जाएगा और जायज समस्याओं को दूर करने हेतु संघ के माध्यम से उच्च अधिकारियों को समय-समय पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। शिक्षिका सीमा गुप्ता ने भी आह्वान किया कि जो शिक्षक फेडरेशन से नहीं जुड़े हैं वह भी फेडरेशन से जुड़े,जुड़कर अपनी समस्याओं को संगठन को अवगत करावें, क्योंकि संगठन में ही शक्ति होती है,आपका कार्य जरूर होगा।

## बारिश में भी नही थमी कदमताल

# नारायणपुर में आरएसएस का पथ संचलन

**जशपूरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पर अनुशासन और शौर्य का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गांव की मुख्य सड़कों से होकर स्वयंसेवकों का भव्य पथ संचलन निकाला गया। घोष की धुन पर दंड कंधे पर रख कदमताल करते स्वयंसेवकों ने सभी को आकर्षित किया।

**नगरवासियों ने पुस्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागतः** नारायणपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशाल पथ संचलन निकला। जिसमे सैकड़ो गणवेशधारी स्वयंसेवक घोष की धुन पर कदमताल करते हुए निकले। जिनका जगह-जगह नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस कार्यक्रम में भव्य पथ संचलन और मुख्य अथिति देवराज यादव के द्वारा भारत माता के चित्र पर एवं शस्त्र पूजन किया गया।

### शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों का अनुशासित प्रदर्शन



**शास्त्र पूजा के उपरांत शुरू हुआ पथ संचालनः** कार्यक्रम की शुरुआत स्वयं सेवकों ने भारत माता, संघ संस्थापक डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार और माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर की। शस्त्र पूजन के बाद स्वयं सेवकों ने वाद्य यंत्रों के साथ पथ संचलन शुरू किया। पथ संचलन नारायणपुर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय से प्रारंभ होकर रानीकोम्बो,कन्या छात्रवास,ग्रामीण बैंक,अटल चौक जय स्तम्भ चौक होते हुए पूरे गांव में भ्रमण किया और पुनः उसी स्थान पर समाप्त हुआ। रास्ते में गांव के लोगों ने स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धक स्वागत किया और जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

### बारिश भी नहीं डगमगा सकी कदम

स्वयंसेवकों ने बारिश में भीगते हुए अनुशासित पंक्तियों में कदमताल किया। तेज वर्षा और फुहारों के बावजूद स्वयंसेवकों के कदम थमे नहीं। घोष और गीत की गूंज के बीच जब स्वयंसेवक अनुशासन की धारा में प्रवाहित हुए तो वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो उठा।

### राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा पहुंचने का संकल्प

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शताब्दी वर्ष का यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता और राष्ट्र सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने का माध्यम है। स्वयंसेवकों ने समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्य और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा पहुंचाने का संकल्प लिया।

## मीना बाजार में जुआ खेलाने एवं कमीशन लेने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मीना बाजार में जुआ खेलाने व प्रति खेल के एवज में 70 प्रतिशत कमीशन लेने वाले 2 आरोपियों को भटगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नगदी रकम व स्ट्राइकर जब्त कर जुआ की धाराओं के अलावा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

एसएसपी के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्य के विरूद्ध सक्रियता से लगातार कार्रवाई करने में लगी हुई है। इसी बीच गत दिन थाना भटगांव पुलिस को सूचना मिली कि मीना बाजार परिसर के अंदर एक व्यक्ति तीन स्ट्राइकर से चिन्ह बनाकर लोगों को रूपये का दाव लगाकर जुआ खेला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां राजेन्द्र ग्राम थाना अंतर्गत ग्राम महगांव निवासी



अरविंद कनौजिया आ. गोपाल प्रसाद कनौजिया (25 वर्ष) को तीन स्ट्राइकर से चिन्ह बनाकर लोगों को रुपये पैसे का दांव लगा कर डबल रकम करते पाया गया। इस दौरान अन्य जुआरी पुलिस को देखकर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 900 रूपये नगद, स्ट्राइकर, 2 नगमे, काला रंग का बना पान पत्ती जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6 के तहत अपराध दर्ज किया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH







## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : **96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

## खबर संक्षेप



### रामेन्द्र ने मिस्टर इंडिया कैंसर वारियर का ताज किया हासिल

**राउरकेला।** राउरकेला इस्पात संयत्र के पूर्व अधिकारी रामेन्द्र कुमार ने मिस्टर इण्डिया कैंसर वारियर का ताज हासिल किया। होटल ताज विवांता में आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मिस्टर इंडिया कैंसर वारियर का ताज पहनाया गया। यह कार्यक्रम साहस और दृढ़ता का उत्सव थाए जिसका मूल्यांकन प्रसिद्ध ऑन्को लॉजिस्ट्स, ट्रांसफ़ॉर्मेटिव कोच, उद्यमियों और मोटिवेशनल स्पीकर्स की एक विशिष्ट जूरी द्वारा किया गया, रेमेंद्र कुमार की जिंदादिली से जीने की कला ने उन्हें यह गौरवपूर्ण सम्मान से अलंकृत किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में श्री कुमार ने इस मान्यता के लिए आभार व्यक्त किया और इसे जीवन की कठिनतम परिस्थितियों में शक्ति और उम्मीद का प्रतीक बताया। यह ख़िताब न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी को उजागर करता है, बल्कि पूरे देश में कैंसर से जूझ रहे अन्य लोगों को प्रेरित करने का भी संदेश देता है।

### अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशानी

**जांजगीर-चांपा** । सारागांव सब स्टेशन में आने वाले दर्जनों गांवों में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता खासे परेशान है। वहीं व्यवस्था सुधार को लेकर जिम्मेदार विद्युत विभाग का अमला ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गौरतलब है कि सारागांव सब स्टेशन अंतर्गत दर्जनों गांव की विद्युत व्यवस्था संचालित होती है। वहीं इन गांवों में बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली बंद कर दी जा रही है। जिसके चलते लोगों की दिक्कतें बढ गई है। गांव में बिजली गुल के कारण जहां बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। वहीं इलेक्ट्रानिक से संबंधित उपकरण भी संचालित नहीं हो पा रहे है। इस तरह की समस्या कमरीद, कोसमंदा, देवरी सारागांव, चोरिया, सरवानी, अमरूवा, मुड़पार, पचोरी, अफरीद, हथनेवरा सहित अन्य गांवों में देखने को मिल रही है। ऐसा भी नहीं है कि इस बात की जानकारी जिम्मेदार विद्युत विभाग के अधिकारियों को ना हो। इसके बावजूद व्यवस्था सुधार को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सप्ताह भर के बाद नवरात्रि पर्व भी प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान बड़े पैमाने पर बिजली की आवश्यकता रहती है। वहीं विभाग के द्वारा पर्व को देखते हुए भी मेंटनेंस के नाम पर बिजली गुल कर दी जाती है। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पडती है।

### हथियार लहराकर डराने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**चांपा** । धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चाम्पा से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग हेतु रवाना किया गया था दौरान पेट्रोलिग पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि कोटाडबरी पटेलपारा चौक के पास एक व्यक्ति तलवार को लहरा रहा है और आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में तत्काल एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया। टीम ने कोटाडबरी पटेलपारा चौक के पास एक व्यक्ति को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम पंकज पटेल निवासी कोटाडबरी बताया जिसके कब्जे से एक तलवार जप्त किया गया।

## साठ लाख लोग गायत्री शक्तिपीठ से जुड़कर सेवा दे रहे

# गायत्री परिवार ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

# 100 से ज्यादा वरिष्ठ जन कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के द्वारा रविवार को सरिया में गायत्री परिवार के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण और सेवा के प्रति योगदान के लिए दिया गया है। जिसमें शिक्षा और समर्पण जैसे क्षेत्रों में किए गए कार्य शामिल हैं।

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ सरिया के द्वारा रविवार को गायत्री परिवार के जिन्होंने गायत्री शक्तिपीठ सरिया का नींव के रूप में पहचाने जाते हैं। उन दिव्य आत्माओं को गांव-गांव से खोज कर गायत्री शक्तिपीठ सरिया में गायत्री मंत्र दुपट्टा, फूल माला पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ जनों ने अपना अनुभव साझा किया और कहा कि आज युवा प्रकोष्ठ ही प्रगति के पथ पर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने सरिया के युवा प्रकोष्ठ को साधुवाद देते हुए कहा कि गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार के निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करें। वरिष्ठजनों ने कहा कि आज विश्व के 96 देशों में गायत्री शक्तिपीठ स्थापित है। इसके साथ ही करीब साठ लाख लोग गायत्री शक्तिपीठ से जुड़कर सेवा दे रहे हैं। युवा प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सरिया, बरमकेला सहित विभिन्न ग्रामों से गायत्री परिवार की महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें करीब 100 से ज्यादा वरिष्ठजनों का सम्मान यहां किया गया। सम्मान समारोह के पहले मां गायत्री की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सम्माननीय अतिथियों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल के कर कमल से किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म को आज उच्च स्थान में पहुंचने में आप सभी लोगों का योगदान है। मैं उम्मीद करता हूं आने वाले दिनों में गायत्री परिवार इसी तरह के कार्य करते हुए प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि समाज में सांस्कृतिक नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए गायत्री परिवार की जितनी भी सराहना की जाए कम है ऐसे में गायत्री परिवार को प्रोत्साहित करना समाज का दायित्व है इसी दायित्व के तहत युवा प्रकोष्ठ ने वरिष्ठ जनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया मैं युवा प्रकोष्ठ के कार्यों की सराहना करता हूं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से गायत्री परिवार सरिया युवा प्रकोष्ठ के उधव प्रधानए अरविंद प्रधान सहित समस्त कार्यकर्ताओं का संयुक्त सराहनीय रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि कमलेश अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया, अरुण शराप, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सरिया थे।



## एनटीपीसी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध कार्यक्रम

**घरघोड़ा।** एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत 15 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना द्वारा प्रभात फेरी, श्रमदान, कर्मचारियों हेतु नारा लेखन प्रतियोगिता, बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, सफाईमित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान जैसे अनेक आयोजन किए गए।

अभियान के अंतर्गत सफाईमित्रों को उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी तलईपल्ली ने सभी कर्मचारियों से वर्ष में कम से कम 100 घंटे स्वच्छता कार्यों के लिए समर्पित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता की शपथ भी ली। अभियान के माध्यम से परियोजना ने कर्मचारियों एवं समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। यह पहल एनटीपीसी तलईपल्ली के स्वच्छ और स्वस्थ समाज के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## घरघोड़ा में प्रशासन की बेरुख़ी, बेघर खण्डेल परिवार अब भी सड़क किनारे गुजार रहा जीवन



**घरघोड़ा।** अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते हुए भरत खण्डेल वार्ड क्रमांक 7 पंचशील बस स्टैंड निवासी, अपने पूरे परिवार के साथ कई दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। मकान तोड़े जाने के बाद न्याय की गुहार लेकर उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा एवं थाना प्रभारी घरघोड़ा को आवेदन देकर अनशन की सूचना भी दी थी। इसके बावजूद अब तक न तो प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और न ही पीड़ित परिवार को राहत, मुआवजा अथवा रहने की कोई व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।

गौरतलब है कि खण्डेल परिवार का पचास वर्षों पुराना मकान, जो खसरा नंबर 455/7 रकबा 0.162 हेक्टेयर पर स्थित था को प्रशासन ने 23 सितम्बर को विवादित परिस्थितियों में ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से पूरा परिवार बरसात, आंधी.तूफ़ान के बीच सड़क किनारे रहने को मजबूर है। परिवार में बूढ़े-बच्चे और महिलाएं खुले आसमान तले तड़पते हुए जीवन यापन कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने हर जगह न्याय की गुहार लगाई, आवेदन दिया, अनशन की सूचना भी दी, लेकिन प्रशासन का कोई अधिकारी देखने तक नहीं आया। इस मामले को लेकर भीम आर्मी ब्लॉक इकाई भी सक्रिय है। सामाजिक कार्यकर्ता संपत कुर्रे ने कहा कि यह प्रशासन की घोर लापरवाही है। एक अनुसूचित जाति परिवार के साथ हुए अन्याय के खिलाफ भीम आर्मी पूरी मजबूती से साथ खड़ी है। यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।

### युवक की हत्या की सुलझी गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** धारदार हथियार से युवक की हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरार अन्य आरोपियों की खोजबीन पुलिस द्वारा की जा रही है। इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 सितंबर की रात्रि लगभग 7:30 से 9 बजे के बीच ग्राम गिरगिरा निवासी हरिहर साहू की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी गगन बाजपेई हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और पाया कि मकान मालिक कमल कुमार साहू के घर की रखवाली कर रहा था। तभी अज्ञात हमलावरों ने बेरहमी से धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से क्राइम सीन यूनिट और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ की मदद से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने तत्काल चार टीम का गठन कर अलग-अलग क्षेत्रों पर जांच करने हेतु टीम गठित की जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल मोबाइल नंबरों का गहन जांच एवं आसपास के समस्त क्षेत्र के लोगों से पूछताछ करने की हिदायत देकर निर्देशित किया गया।

## नितिन दुबे के गीतों पर झूम उठा बिलाईगढ़





**बिलाईगढ़।** जिला बिलाईगढ़ की पावन धरती पर रॉयल्स ग्रुप बिलाईगढ़ के तत्वावधान में लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गायक नितिन दुबे सुपर स्टार नाइट का भव्य आयोजन थाना मैदान में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष दामोदर दुबे, व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, बिलाईगढ़ विधानसभा के छाया विधायक दिनेश लाल जांगड़े, जिला पंचायत वन सभापति युवराज शरण सिंह, जिला पंचायत सभापति भगवंती पटेल एवं सुशीला साहू सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मंच पर पहुंचते ही छत्तीसगढ़ी सुपर स्टार नितिन दुबे ने मां समलाई दाई की जस गीत से शुरुआत की। उनकी प्रस्तुति के साथ ही पूरा मैदान भक्तिमय वातावरण में झूम उठा। जैसे.जैसे उन्होंने एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किए, श्रोताओं में उत्साह चरम पर पहुंच गया। दर्शकों ने तालियों और नृत्य के माध्यम से कलाकार का भरपूर उत्साहवर्धन किया। थाना मैदान में लंबे समय बाद आयोजित इस बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के गांवों से भारी संख्या में दर्शक पहुंचे। विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। पूरा मैदान उत्सव और उल्लास से भर उठा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। भीड़ प्रबंधन में पुलिस कर्मी पूरी तरह मुस्तैद नजर आए।

आयोजक रॉयल्स ग्रुप बिलाईगढ़ ने इस कार्यक्रम के प्रचार.प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। नवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र में कोई बड़ा सांस्कृतिक आयोजन न होने के कारण लोगों में इस कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। देर रात तक चली नितिन दुबे सुपर स्टार नाइट में छत्तीसगढ़ी गीत.संगीत की मधुर धुनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन तक दर्शक कलाकारों की प्रस्तुति पर झूमते और गुनगुनाते नजर आए।

## दुर्गा चरण बने स्टेट कंज्यूमर प्रोटेक्शन काउंसिल के सदस्य





**राउरकेला।** खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तांती को स्टेट कंज्यूमर प्रोटेक्शन काउंसिल राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद का सदस्य नामित किया गया है। सरकार द्वारा कुल 8 नए सदस्यों सभी सांसदों एवं विधायकों को परिषद में शामिल किया गया है। इनका कार्यकाल 9 फरवरी 2026 तक रहेगा। इस निर्णय से राउरकेला सहित सुंदरगढ़ जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा नेता व रेगुलटरी मार्केट कमिटी पानपोश के उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल बरसुंवा वाले ने विधायक दुर्गा चरण तांती को बधाई देते हुए कहा कि उनके जैसे जुझारू और जनहितैषी नेता के परिषद सदस्य बनने से आम उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि विधायक तांती उपभोक्ताओं को उनके अधिकार दिलाने और समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत 25 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थाओं जैसे - आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 25 अक्टूबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी पंजीकृत डाक से अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर में जमा कर सकते हैं।

## माता बनभौरी देवी की पताका शोभायात्रा



**राउरकेला।** माता बनभौरी देवी की द्वितीय वार्षिक पताका शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला भक्तों के साथ-साथ युवाओं ने भी इस धार्मिक यात्रा में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। धार्मिक संगठन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में माता बनभौरी देवी की पताका पूजा के बाद राउरकेला के बिरसा दाहर रोड स्थित श्याम मंदिर परिसर से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।

एक सजे हुए वाहन पर माता का फोटो और दरबार को फूलों से सजाया गया थाए जबकि भक्तगण भक्ति गीतों के साथ यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा सुबह 8 बजे श्याम मंदिर से आरंभ होकर कचहरी रोडए पावर हाउस चौक और रिंग रोड होते हुए तरकेरा स्थित बाबा धवलेश्वर मंदिर पहुंची। सैकड़ों पुरुष, महिलाएं युवक और युवतियां माता की स्तुति गीत गाते और नृत्य करते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। माता बनभौरी देवी की अनंत ज्वाला को बनभौरी मंदिर से लाया गया, जिसे तरकेरा मंदिर में स्थापित कर पूजा.अर्चना की गई। इस अवसर पर मां बनभौरी देवी परिवार के पदाधिकारी और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी की। इस शोभायात्रा में पुरुनापानी, बीरमित्रपुर, राउरकेला, बिसरा और आसपास के क्षेत्रों से भी सैकड़ों भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में माता बनभौरी देवी की आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आज इस अवसर पर तरकेरा धवलेश्वर शिव मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

## प्रदूषण नियंत्रण विभाग व राजस्व कार्यालय नींद से जागें : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़

राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी ने पहले ही सरकार को एसपीसीबी व राजस्व विभाग विशेषकर तहसीलदारों को नींद से जागने की कोशिश की थी, लेकिन बीते बीजद सरकार के अधीन लम्बे समय तक कार्य करने के कारण भ्रष्ट व्यवस्था के आदि हो चुके हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा कि इस लड़ाई में जो भी आगे आएंगे बिना शर्त हम उनके साथ इस लड़ाई में साथ रहेंगे। खैर अब मामला गंभीर है कुछ न कुछ निर्णात्मक मोड़ आने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। वहीं रविवार सुंदरगढ़ के आबादी वाले क्षेत्रों, कृषि भूमि, नदी किनारे, सड़कों के पास और जंगल की जमीनों पर कारखानों द्वारा अवैध रूप से फ्लाई ऐश राख फेंके जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने आंदोलन तेज करते हुए धरना दिया। बीजेपी ने एनटीपीसी ताप विद्युत परियोजना के सामने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में धरना दिया और फ्लाई ऐश माफियाओं की गिरफ्तारी की मांग की। पार्टी ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन इस अवैध डंपिंग को रोकने में विफल रहा है। जिलाध्यक्ष ने घोषणा की कि जब तक माफियाओं को गिरफ्तार नहीं किया जाता, धरना जारी रहेगा। आंदोलन के कारण एनटीपीसी फ्लाईऐश पोखरी से राख ले जाने वाले सैकड़ों भारी वाहन सड़क पर फंसे हुए हैं। धरनास्थल पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## राजगांगपुर विकास परिषद के अध्यक्ष बने संदीप

### निर्वतमान अध्यक्ष सुनील अग्रवाल को मिले 216 मत



**राजगांगपुर।** शहर की सुप्रसिद्ध संस्था राजगांगपुर विकास परिषद का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

अध्यक्ष पद के लिए सुनील अग्रवाल और संदीप अग्रवाल के बीच कड़ा मुकाबला रहा। दोनों उम्मीदवार चुनाव से पहले अपने मतदाताओं को आकर्षित करने में लगे रहे, जिससे शहर में चुनावी चर्चा का माहौल बना रहा। कुल 615 मतदाता में से 472 ने मतदान किया। पांच वोटों को निषेध घोषित करने के बाद 467 वोटों की गिनती हुई। परिणाम में संदीप अग्रवाल को 251 वोट और सुनील अग्रवाल को 216 वोट मिले। 35 वोटों के अंतर से जीत दर्ज करने के बाद संदीप अग्रवाल राजगांगपुर विकास परिषद के अध्यक्ष पद पर विराजमान हुए। चुनाव सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मारवाड़ी पंचायत धर्मशाला में अधिवक्ता विनोद शर्मा और अशोक अग्रवाल की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। वोटों की गिनती दोपहर तीन बजे शुरू हुई और शाम चार बजे परिणाम घोषित किया गया। इस चुनाव ने शहर में खूब चर्चा बटोरी। विकास परिषद के अधीन वीर प्रताप गौशाला, मारवाड़ी पंचायत धर्मशाला, शीतला मंदिर, होलिका दहन स्थान और कुम्हार पाड़ा स्थित स्वर्गद्वार जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं की जिम्मेदारी अब अध्यक्ष संदीप अग्रवाल के नेतृत्व में होगी।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2. | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411